संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, रविवार, 21 अप्रैल 2024  ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13  अंकः 109  पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा।

## विपक्ष के पास ना कोई नेता, न नीतिः मोदी

### कर्नाटक में पीएम मोदी ने एससी-एसटी और महिला शक्ति को बताया अपनी ताकत

**साधा निशाना**

**8 प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चिकबल्लापुर :** देशभर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चल रही है। पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण की तैयारियां हो रही हैं। इस बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का दौर भी तेज हो चला है। उधर कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

**मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवारः** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। उन लोगों ने सरकार से सारी उम्मीदें खो दी थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में इन लोगों का खोया हुआ विश्वास फिर से वापस लौट आया है और पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं।

**यह नारी शक्ति का आशीर्वाद है कि मैं चलता जा रहा हूं :** पीएम ने कहा कि मैंने घर पर महिलाओं के सामने आने वाली सभी चुनौतियों को देखा है। भारत और दुनिया के सभी प्रमुख नेता मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं, लेकिन यह महिलाओं का आशीर्वाद है कि आपने मुझे जो सुरक्षा कवच दिया है, उससे मैं सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा कि हमने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया और अब हमारा अगला लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी। पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आज मैं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आप सभी के बीच आया हूं। आपके लिए मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### जीवन का प्रत्येक क्षण देश के लिए समर्पितः मोदी

**पीएम ने** कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है और मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण आपके और देश के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, मैं गारंटी भी देता हूं और इसके लिए में 2047 तक हर दिन 24 घंटे काम करूंगा। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के पास ना तो वर्तमान में कोई नेता नहीं है और ना ही भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण है।

## आरक्षण के नाम पर कांग्रेस झूठ फैला रहीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोटाः कोटा** चुनावी जनसभा में जनता को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने गरजते हुए कहा कि राहुल बाबा झूठ मत बोलो, कान खोल कर सुन लो, कांग्रेस पार्टी अगर आरक्षण हटाना चाहती है तो भी जब तक भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जिंदा है हम एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने इतने सालों तक गरीबी हटाओ के नारे से वोट लिया गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी ने 25 करोड़ गरीबों का गरीबी रेखा के बाहर निकालने का काम किया। हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। वो झूठ फैलाने में लगे हैं कि 400 सीटें भाजपा को



मिलेंगी तो आरक्षण चला जाएगा। ये असल में झूठ के सरदार हैं।

**हमने देश को सुरक्षित बनाया :** हमारे पास पूर्ण बहुमत दस सालों से है। आपने 2014 और 2019 में भी पूर्ण बहुमत दिया है। हमने बहुमत का उपयोग आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। कांग्रेस वालों आपको बहुत मिला तो आपने इमरजेंस डाली थी। हमें बहुमत मिला हमने 370 को समाप्त किया। हमने राम मंदिर बनाया।

## भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम मोदीः राहुल गांधी

**निशाने पर पीएम**

**8 भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस 'क्रैश कोर्स' को जरूरी कर दिया है : राहुल**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं, जिसमें वे खुद भ्रष्टाचार विज्ञान विषय के तहत चंदे का धंधा समेत हर चैप्टर खुद विस्तार से सिखा रहे हैं।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से दान की रकम जुटा रही है।

**राहुल गांधी का भाजपा पर आरोपः** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'छापेमारी कराकर दान कैसे लिया जाए? दान लेकर ठेके कैसे बांटे जाएं? भ्रष्ट लोगों को धुलने वाली वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है? किस तरह से जांच एजेंसियों को रिकवरी एजेंट बनाकर जमानत और जेल का खेल खेला जाता है?' राहुल गांधी ने लिखा कि 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस 'क्रैश कोर्स' को जरूरी कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है।' रगठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर हमेशा के लिए इस कोर्स को बंद कर देगी।

## सीएम नीतीश का लालू के 'परिवारवाद' पर हमला

**विवादित बयान**

**8 आप पैदा तो बहुत कर दिए। इतना ज्यादा बाल-बच्चा किसी को पैदा करना चाहिए किसी को क्या?**




**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया/कटिहार :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा के दौरान बड़ा बयान दे दिया है। कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लालू परिवार पर विवादित टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इन दिनों सब कुछ दावा करते हैं। जब उन्हें हटाया गया तो उन्होंने अपनी पत्नियों को नियुक्त किया। अब, इन दिनों यह उनके बच्चे हैं। आप पैदा तो बहुत कर दिए। इतना ज्यादा बाल-बच्चा किसी को पैदा करना चाहिए किसो को क्या? लेकिन, इतना किया। अब उन्होंने अपने बेटे-बेटियों सबको शामिल कर लिया है, वो हर जगह कुछ-न-कुछ कहते रहते हैं, पुरानी बातें भूल जाते हैं, इसलिए मैं सबको बताना चाहता हूं कि कोई भी काम नहीं हो पाता था बाहर, कोई सड़क या शिक्षा नहीं थी..." इससे पहले पूर्णिया के बनमनखी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पति-पत्नी ने बिहार में राज किया। पति हटे तो पत्नी को सीएम बना दिया। 2005 से पहले बिहार में कुछ भी नहीं था। लोग बाहर निकलने से डरते थे। इसके बाद देखिए कितना काम हुआ है। हमने सब काम करवाया।

## 'देश आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव को तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों को समाज के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया।




दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# महिलाओं सशक्तिकरण के लिए वर्तमान सरकार ने आरंभ की योजनाएं: शांडिल

**प्रेस वक्तव्य**

**8 एकल नारी और विधवाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार लाई अनेकों योजनाएँ**



**चमन शर्मा**

**शिमला:वरिष्ठ** कांग्रेस नेता एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा धनी राम शांडिल ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में वर्तमान राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएँ आरंभ कर उन्हें धरातल पर उतारा है ताकि उन्हें समाज में सशक्त बनाया जा सके तथा वे अपना सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपना चुनावी वादा निभाते हुए 18 वर्ष से अधिक की आयु की लड़कियों एवं महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना आरम्भ की है जिसके तहत प्रत्येक पात्र को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत फार्म भरने का कार्य शुरू किया गया है तथा महिलाओं को इसका लाभ मिलना आरंभ हो चुका है। भाजपा प्रदेश की महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए बार-बार चुनाव आयोग जा रही है और पेंशन में रोड़े अटका रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2.42 लाख महिलाओं को 1000 या 1150 रुपये मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही थीए जिसे वर्तमान प्रदेश सरकार ने बढ़ाकर 1500 रुपये कर दिया है तथा उन्हें यह राशि मिलना भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली सहायता राशि 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये की।डा धनी राम शांडिल ने कहा कि पुलिस भर्ती में लड़कियों के लिए आरक्षण को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सीलिंग लैंड होल्डिंग एक्ट, 1972 में परिवार में पुत्र को अलग इकाई माना गया था तथा लड़कियों को अलग इकाई मानने से वंचित रखा गया। परन्तु वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस एक्ट में संशोधन कर बेटियों को अलग इकाई बनाया तथा उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को मिलने वाली 35 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए तथा दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन पर मिलने वाली 25 हजार रुपए की राशि एक लाख रुपए करने का निर्णय लिया है। डा धनी राम शांडिल ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना आरम्भ की जा रही है, जिसके तहत विधवाओं के 27 साल तक के बच्चों की शिक्षा पर होने वाला खर्च प्रदेश सरकार वहन करेगी। विधवाए निराश्रितए तलाकशुदा और अक्षम माता-पिता के सभी पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक एक हजार रुपये प्रतिमाह जमा किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमन्त्री विधवा एवम् एकल नारी आवास योजना के तहत गृह निर्माण की राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये की जाएगी।

# लोकायुक्त ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की



**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के लोकायुक्त न्यायमूर्ति सेवानिवृत्त चन्द्र भूषण बरोवालिया ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को वर्ष 2023 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। राज्यपाल के सचिव राजेश कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**न्यूज फ्लैश**

## सुक्खू का बीजेपी सांसदों पर निशाना, दिल्ली में हिमाचल की आवाज न उठाने के आरोप

**चमन शर्मा**

**शिमला**:हिमाचल प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण में लोकसभा के चुनाव हैं। शुक्रवार को मंडी संसदीय क्षेत्र की अहम बैठक के बाद कांग्रेस ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक शिमला स्थित राजीव भवन में हो रही है। बैठक में शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी का पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। बैठक में हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने खास तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अहम बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने 15 महीने के काम को लेकर जनता के बीच में जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा के वक्त राज्य सरकार ने बिना केंद्र सरकार की मदद के बेहतरीन काम किया। जब प्रदेश में आपदा आई, तब भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने दिल्ली में हिमाचल प्रदेश की आवाज नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भी जब हिमाचल में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का संकल्प आया, तब भाजपा विधायकों ने इसका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा सांसदों और विशेष तौर पर शिमला के सांसद सुरेश कश्यप को यह जवाब देना चाहिए कि उन्होंने हिमाचल में आई आपदा के वक्त वे वहां कहां छिप गए थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सिर्फ और सिर्फ हिमाचल प्रदेश की मदद रुकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले तो आपदा के दौरान केंद्र सरकार से हिमाचल की सहायता रोकी गई। इसके अलावा ओल्ड पेंशन स्कीम को भी भाजपा ने रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत 1 हजार 500 रुपए की सम्मान निधि की शुरूआत हुई, तब भी राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचकर भाजपा ने से रोकने की कोशिश की।

## मतदाता पंजीकरण एवं मतदान के लिए किया जागरूक : जगदीश नेगी

**मनीष**

**सोलन**:जिला सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुग्गाघाट में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक उच्चतर शिक्षा सोलन डॉ जगदीश नेगी ने की।डॉ जगदीश नेगी द्वारा उपस्थित जनों को मतदान के लिए जागरूक किया गया तथा एक-एक मत का महत्व समझाया गया। उन्होंने इस मौके पर करना है मतदान हमें तो करना है मतदान गीत के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हेमेंद्र शर्मा द्वारा 18 वर्ष की अधिक आयु के युवाओं की मतदाता पहचान पत्र बनाने एवं मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने मतदान दिवस वाले दिन मतदान अवश्य करने बारे भी शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी द्वारा 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को फॉर्म 12डी भरने बारे भी अवगत करवाया गया।उप जिला शिक्षा अधिकारी सोलन डॉ राजकुमार पराशर द्वारा भी उपस्थित जनों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य मीना वर्मा, स्टाफ , बी.एड प्रशिक्षु, एस.एम.सी. के प्रधान एवं सदस्य व लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कुटलैहड़ भाजपा मंडल की बैठक आज, सत्ती रहेंगे मौजूद

**राजन पुरी**

**ऊना:** कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने कहा कि 21 अप्रैल को भाजपा मंडल कुटलैहड़ की अहम बैठक बंगाणा में सुबह 11 बजे सुनिश्चित की गई है। बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती व सह-प्रभारी संजीव कटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

# हरियाणा निवासी के कब्जे से 2.19 ग्राम मिला चिट्टा, आरोपी पकड़ा



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** पुलिस थाना कालाअंब की टीम ने गश्त के दौरान कालाअंब चौक पर हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार उर्फ सिल्ला, निवासी गदौली तहसील नारायणगढ, जिला अम्बाला हरियाणा के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालाअंब थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में जांच जारी है।एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस टीम ने गश्त के मोगीनन्द के समीप एक व्यक्ति विनोद कुमार, निवासी गांव सलानी के कब्जे से देशी शराब की 12 बोतलें बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आईआईएम सिरमौर में शुरू हुए ईएमबीए के नए दो कोर्स



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** आईआईएम सिरमौर में ईएमबीए के नए दो प्रतिष्ठित कार्सिज का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतिष्ठित संस्थान में टाइम्सप्रो के सहयोग से एक्जीक्यूटिव मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ईएमबीए और ईएमबीए-डीटीए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड एनालिटिक्सद्ध कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसी के साथ आईआईएम सिरमौर ने अकादमिक उत्कृष्टता के साथ उद्योग विशेषज्ञता का मिश्रण करते हुए कार्यकारी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया है।आईआईएम सिरमौर के निदेशक डा प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों के ओरिएंटेशन के महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए संकाय सदस्य, उद्योग जगत के सदस्य और भावी छात्र एकत्र हुए। इस दौरान आकर्षक चचाओं और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से उपस्थित लोगों ने इन ईएमबीए कार्यक्रमों की विशिष्ट विशेषताओं और परिवर्तनकारी क्षमता में अमूल्य अंतर्दृष्टि हासिल की।डॉ प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि संस्थान में दो ईएमबीए कोर्स पेश करते हुए खुशी हो रही है, जिनमें से प्रत्येक को आज के गतिशील बाजार में बिजनेस लीडर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह सफल लांच शीर्ष स्तरीय कार्यकारी शिक्षा प्रदान करने और उद्योग के साथ प्रभावशाली सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।टाइम्सप्रो के सहयोग से पेश किया गया ईएमबीए कार्यक्रम भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर की अकादमिक कठोरता को टाइम्सप्रो की उद्योग अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ता है, जो प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया के दृष्टिकोण से समृद्ध एक व्यापक सीखने का अनुभव प्रदान करता है।

# उपायुक्त कुल्लू ने भुंतर मणिकरण सडक का निरीक्षण किया



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज भुंतर मणिकरण सडक का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सडक के मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।ताकि स्थानीय लोगों सहित मणिकर्ण आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की कठनाइयों सामना न करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विषेकर ऐसे स्थानों जहाँ सडक अधिक क्षतिग्रस्त है को चिन्हित करने तथा ऐसे स्थलों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व सडक का मरम्मत कार्य पूरा करने को कहा साथ ही ऐसे स्थानों जहां आये दिन ट्रैफिक जाम लगता है पर सडक को चौड़ा करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता व तहसीलदार भुंतर साथ थे।

## करीब डेढ़ साल बाद गंगूराम मुसाफिर की कांग्रेस में वापसी

**चमन शर्मा**

**शिमला:** साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बगावत कर पच्छाद से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड? वाले गंगूराम मुसाफिर की आज हिमाचल कांग्रेस में वापसी हो गई। मुसाफिर के चुनाव लड? की वजह से कांग्रेस की दयाल प्यारी बीजेपी की रीना कश्यप से चुनाव हार गई थी। गंगूराम मुसाफिर ने शनिवार को शिमला स्थित राजीव भवन पहुंचकर पूरे दलबल के साथ कांग्रेस में वापसी की। इस दौरान हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी और हिमाचल विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी मौजूद रहे।

# हरि यमुना सहयोग समिति द्वारा 108 भागवत कथाओं का होगा आयोजन, निकाली कलश यात्रा



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** स्वच्छ यमुना, हरित यमुना, के लक्ष्य निमित हरि यमुना सहयोग समिति पांवटा साहिब में जीवन दाइनी यमुना नदी के संरक्षण, संवर्धन व जनजागरण की मुहीम शुरू की है। जिसके तहत आज कलश यात्रा और पालकी यात्रा निकाली गयी।इस मुहीम के तहत समिति यमुनोत्री धाम से प्रयागराज तक एवं पुनः प्रयागराज से यमुनोत्री तक 108 श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन करने जा रही है। यंगवार्ता न्यूज से बात करते हुए आईआईएम सिरमौर के प्रोफेसर व यमुना समिति के सदस्य ने बताया की श्रीमद् भागवत कथाओं के लिए यमुना नदी के दोनों तत्वों पर 108 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

हरि यमुना सहयोग समिति इस अनूठे प्रयास से देशभर के नागरिकों में यमुना के संरक्षण एवं संवर्धन का अलख जगाएगी। जिसमें यमुना को स्वच्छ करने की प्रेरणा देना, इसमें गंदगी जाने से रोकना, यमुना के किनारों पर पौधारोपण करना, इसके मुख्य उद्देश्यों में शामिल हैं।हरि यमुना सहयोग समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि इस मुहीम के तहत 8 मार्च 2024 को नारायणपुरी यमुनोत्री से प्रथम भागवत कथा का शुभारंभ हुआ है। अब तक यमुना नदी के किनारे 6 श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन हो चुका है। हर स्थान पर कथाओं में भारी जन सैलाब उमड़ रहा है। लोग तन, मन, धन से श्रीमद भागवत कथाओं में भागीदारी दे रहे हैं।इसी क्रम में सातवीं श्रीमद् भागवत कथा देई जी साहिब मंदिर पांवटा साहिब में आज यानी 19 अप्रैल शुक्रवार से 25 अप्रैल गुरुवार तक आयोजित हो रही है।हरि यमुना सहयोग समिति ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि कथा स्थल श्री देई जी साहिब मंदिर में प्रतिदिन दोपहर बाद 3 बजे से सांय 7 बजे तक पहुंच कर धार्मिक लाभ व यमुना जी पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करें।

# पांवटा साहिब की भैला पंचायत में मतदान के लिए किया जागरूक



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पांवटा साहिब-58 की उपमंडल स्तरीय स्वीप टीम ने सहायक निर्वाचन अधिकारी पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत भैला में सुव्यवस्थित मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया।स्वीप टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि भैला पंचायत में अपनी निजी व्यस्तताओं के वावजूद भारी संख्या में मतदाताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जोगिंदर शर्मा ने पहाड़ी भाषा में रचित सबे जुणे वोट पाए कविता से किया। स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर धनवीर चौहान ने सभी मौजूद मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र में अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग ने घर से ही मतदान की व्यवस्था की है। जिला सिरमौर निर्वाचन आईकॉन जीवन प्रकाश जोशी ने कहा कि 1 जून 2024 को सभी मतदाता अभियान केंद्र पर जाकर हर्षोल्लास के साथ लोकतांत्रिक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। हमारे सांस्कृतिक धार्मिक पर्वों की भांति चुनाव हमारा राष्ट्रीय पर्व है।

खंड समन्वयक रुखसाना ने मौजूद मतदाताओं को मतदान के लिए शपथ ग्रहण करवाने के बाद आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह, नवयुवक मंडल, ग्राम पंचायत प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी तथा ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया।

# इनसे अपनी सरकार अपने विधायक नहीं संभल रहे यह हिमाचल की जनता को क्या संभालेंगे : कंगना रनौत

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर :** मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा जिसे अपने विधायक अपनी सरकार नहीं संभाली जा रही वह हिमाचल की जनता को क्या संभालेंगे। नाचन विधानसभा क्षेत्र के सब्जी मंडी चैल चौक में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश में चल रही राजनीतिक उठा पाठक पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखों पर कड़े शब्द प्रहार किये। उन्होंने कहा जो मुख्यमंत्री अपने विधायकों को अपने मंत्रियों को ही संभाल सकता अपनी सरकार को नहीं संभाल सकता वह हिमाचल की जनता को क्या संभालेगा।

**आड़े हाथों**

**8 कंगना रनौत ने हिमाचल में चल रही राजनीतिक उठा पाठक पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री पर कड़े शब्द प्रहार किये।**

उन्होंने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में देश में मोदी सरकार की हैट्रिक होगी मोदी सरकार 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज कर कर ऐतिहासिक विजय के साथ तीसरी पारी की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा हिमाचल में भी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजय श्री हासिल करेंगे और 4 जून को केंद्र में मोदी सरकार और हिमाचल में जय राम



सरकार अस्तित्व में आएगी ।उन्होंने प्रदेश सरकार पर शब्दों का प्रहार करते हुए कहा आपदा के बाद प्रदेश सरकार का एक ही रोना है हमें आपदा के समय में केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं मिली कोई मदद नहीं मिली मगर उन्होंने कहा केंद्र से आपदा के समय में हिमाचल को 1800 करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है वह सहायता कहां गई उसे पैसे का इन्होंने क्या किया यह हिसाब दें। गंगा ने कहा प्रदेश सरकार तो हिंदू विरोधी और भ्रष्टाचारी सरकार है इन्होंने पूर्व जयराम सरकार के समय चलाए जा रहे शिव धाम का काम भी रोक दी है और अन्य कई प्रोजेक्टों को बंद करवा दिया है जिसे यह लोग भ्रष्टाचारी हैं और मोदी सरकार राम राज्य की सरकार है।हम राम सेवक है।

अब निर्णय आपको करना है आपको भ्रष्टाचारी सरकार चाहिए या रामराज्य चाहिए भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने उपस्थित लोगों को मांड्याली भाषा में कहा यह लोग मेरे खिलाफ बहुत तरह की बातें, भ्रांतियां फैलाएंगे कंगना मुंबई चली जाएगी। कंगना रनौत ने कहा वह मंडी रहने वाली मंडी मेरे ननिहाल मंडी मेरे कोई मेरा चाचा है मेरा ताऊ भी ईथी रा ही मेरी मासी मेरे मामें सब इथी रे रेहने वाले मैं भी मंडी री रहने वाली मनाली भी मेरा घर आ। ता मैं जिया मुंबई जाइके फिल्म से अपना नाम कमाया तइंहआ ही राजनीति अंदर आई और मंडी रे लोका री सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है।

तुसा इस इलेक्शना मेरे सोगी कंधे ने कंधा मलाई कने चलना और मोदी री सरकार बनाने अंदर मिंजो जीताने च अपना सहयोग देना।इस अवसर पर नाचन के विधायक विनोद कुमार ने भी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को पलटू राम नाम से पुकारा और कहा राजनीति में उनका कोई सहयोग नहीं है। पिछले 15 महीना की कार्यकाल में वह बताएं उन्होंने प्रदेश के लिए मंडी के लिए नाचन के लिए सिराज के लिए क्या काम किया है 15 महीना का उनका राजनीतिक कार गुजारी देखा जाए तो शून्य है। अगर वह एक ही प्रोजेक्ट ऐसा बता दे मंडी के लिए लाया तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा नहीं तो उन्हें राजनीति से दूर हो जाना चाहिए ।

उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को कहा वह पलटू राम है उनका हिमाचल की पॉलिटिक्स में कोई सहयोग नहीं है।वह किस मुंह से जनता के बीच में जाएंगे और किस मुंह से जनता से वोट मांगेंगे। इन चुनावो में कंगना रनौत भारी बहुमत से विजय श्री हासिल कर राजनीति में प्रदापन करेंगे।

# भारतीय जनता पार्टी में देश में विपक्ष की सरकारों को तोडने का काम किया: कटोच

पत्रकार सम्मेलन

8 उन्होंने प्रदेश के युवाओं का आह्वान किया कि वह इस बात को समझें और उनके झूठे वादों में ना आए।



**हामिद**

**चंबा:** भारतीय जनता पार्टी ने देश तथा प्रदेश में विपक्ष की सरकारों को तोड? के साथ-साथ धर्म की राजनीति कर नफरत फैलाने का ही कार्य किया है। यह बात एक पत्रकार सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व में प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मनमोहन कटोच ने कहीं। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में भी लोगों द्वारा चुनी गई सरकार को तोड? का प्रयास किया जो शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश का माहौल लालच , अहंकार, डराने की सोच लेकर वर्तमान में पनप रहा है वह देश तथा समाज के लिए और आने वाली पीढियां के लिए मीठा जहर का काम कर रहा है। नफरत का माहौल समाज को बांटने का खतरनाक काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं का आह्वान किया कि वह इस बात को समझें और उनके झूठे वादों में ना आए। उन्होंने कहा कि अब युवा वर्ग को इन झूठे वादों से खुद को बचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्तासीन हुई सरकार ने युवा वर्ग को 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था वह गारंटी कहां है ।15-15 लाख रुपए खाते में डाले जाएंगे उसे भी बाद में जुमला करार दिया गया।

उन्होंने कहा कि लोगों को भ्रम में डालकर बहलाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने 370 धारा को तोड? का कार्य किया है मगर हकीकत यह है कि जमीन स्तर पर यह कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हुआ लोगों को केवल बरगलाने का काम किया जा रहा है सच तो यह है कि केंद्र की सरकार ने जहां-जहां विपक्ष की सरकारें हैं केवल मात्र उन्हें तोड? का प्रयास किया है या तोड़ा है। देश की जीडीपी बुरी तरह लडखड़ा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के भविष्य को मजबूती मिले युवाओं को रोजगार मिले महंगाई कम हो इन मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी ना की देश को बांटने वाली नीतियों पर। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 6 विधानसभा सीटों पर तथा चार लोकसभा सीटों पर होने जा रहे चुनाव में कांग्रेस बड़ी जीत हासिल करेगी उन्होंने कहा कि सरकार को कोई खतरा नहीं है वह मजबूती से अपने 5 साल पूरे करेगी ।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान चाहे तो वह चुनाव लड़ सकते हैं वह कभी पीछे नहीं हटेंगे।

# लाहौल स्पीति में चुनावी रैलियां के लिए स्थलों की अधिसूचना जारी

अनुमति

8 पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग के लिए संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट से पहले से अनुमति लेनी होगी।

**कुल्लू :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि जिला लाहौल और स्पीति में वर्तमान लोकसभा आम और विधानसभा उप-चुनाव-2024 में चुनाव प्रचार के उद्देश्य से पुलिस खेल मैदान केलांग, खेल मैदान उदयपुर व लादारचा मेला मैदान काजा को चुनावी रैली के लिए अधिसूचित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि



विभिन्न राजनीतिक दलों कोआदर्श आचार संहिता के चलते चुनावी रैली के लिए मैदान की अनुमति जारी नियम एवं शर्तों के आधार पर प्रदान की जाएगी जिस में राजनीतिक दल या चुनाव लड? वाले उम्मीदवार को चुनाव प्रचार के लिए अधिसूचित मैदान के उपयोग के लिए संबंधित एआरओ एसडीएम के पास आवेदन करना होगा। अनुमति पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दी जाए गी है। राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचित नियम के आधार पर उपयोग के बाद, इसे बिना किसी क्षति के या क्षति के लिए अपेक्षित मुआवजे के साथ संबंधित प्राधिकारी को वापस करना होगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है की अधिसूचित मैदान की क्षमता के अनुसार कार्यकताओं की भीड़ को प्रतिबंधित करना राजनीतिक दल या चुनाव लड? वाले उम्मीदवार की एकमात्र जिम्मेदारी होगी।इस दौरान पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग के लिए संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट से पहले से अनुमति लेनी होगी। इस आशय की सभी अनुमतियों की प्रतियां राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों को समय पर स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ साझा करनी होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रामपुर में सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** सदर थाना के तहत रामपुर में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के पास से नगदी भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम शुक्रवार रात्रि रामपुर चौक में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने कर्ण निवासी बनगढ़ को सट्टा लगाते हुए काबू किया। साथ ही उसके कब्जे से 1110 रुपये की नगदी बरामद की है। मामले की पुष्टि एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने की है।

### कुठारबीत के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**राजन पुरी**

**ऊना:** शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठारबीत के विद्यार्थियों द्वारा शनिवार गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकली गई तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ताकि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढकर भाग लें ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चंदेल तथा मुख्य अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुठारबीत एवं बीएलओ रुपेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप से विधि प्रथम

**राजन पुरी**

**ऊना:** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में शनिवार को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने क्ले मॉडलिंग, कक्षा तीसरी और चौथी के बच्चों ने कोलाज मेकिंग तथा कक्षा पांचवी से दसवीं तक के बच्चों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप मे कक्षा प्रथम से विधि प्रथम, विवान व अलीशा द्वितीय तथा करणवीर व रियांश सहजपाल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से आयुष व दिवांशी वशिष्ट प्रथम, नवराज, रिद्धि व कृषिका खन्ना द्वितीय तथा कनिष्क ठाकुर, अभिनव दत्त व परीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप में से यशिका प्रथम, धवनप्रीत व यक्ष बस्सी द्वितीय तथा कायरा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से मुकुंद भारद्वाज प्रथम, आरवी शर्मा व रूहानी कौशल द्वितीय तथा आयुष सिंह व श्रेष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से अनाया चब्बा व आशना प्रथम, अश्मित द्वितीय तथा गौरांगी व लक्ष तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से सुहाना प्रथम, मन्नत शर्मा द्वितीय तथा अंशिका धीमान व कनिष्का तृतीय स्थान पर रहे। मैलन ग्रुप से शीतल प्रथम, पीयूष व इशिका द्वितीय तथा नीतू राणा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आती है।

### भाजपा जनता को छलने के लिए तैयार, संकल्प पत्र से महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे गायब: सुनीत कुमार

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** कांग्रेस के युवा नेता व अखिल भारतीय आल इंडिया कांग्रेस ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सुनीत कुमार ने प्रैस को जारी बयान में कहा है कि दो बार राज कर चुकी भाजपा एक बार देश की जनता को जुमलों के माध्यम से छलने के लिए तैयार है। भाजपा द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र में मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मसले गायब हैं। जिससे पता चलता है कि एनडीए सरकार देश की जनता विशेषकर युवाओं के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंहगाई की बात ही नहीं कर रही है जबकि हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वायदा भी हवा हुआ है। उन्होंने कहा कि बात यदि हिमाचल प्रदेश की करें तो यहां के युवा बाहरी राज्यों में रोजगार तलाश कर रहे हैं तथा बहुत कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर हैं। बाहरी राज्यों में शोषण का शिकार हो रहे युवाओं के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया है। बिलासपुर जिला के पढ़े लिखे तथा शिक्षित व प्रशिक्षित युवा बद्दी, नालागढ़, परवाणू, चंडीगढ़ में रोजगार के लिए पिस रहे हैं। सुनीत कुमार ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में कोई भी ओद्योगिक इकाई तक नहीं लगा पाए जिससे यहां के युवाओं को अपने घरों के नजदीक रोजगार मिलता और वे अपने परिवार तथा माता पिता की सेवा कर सके।

# चडतगढ़ स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**राजन पुरी**

**ऊना:** लोकसभा चुनावों में 100 फीसदी भागीदारी सुनिशिचित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न जगहों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़तगढ़ में प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण देव शर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

साथ ही अपना कीमती वोट डालकर एक जिम्मेवार नागरिक बनने का संदेश दिया। स्वीप के तहत स्कूल की नोडल अधिकारी शालिनी गुप्ता ने भी सभी को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

# महंगाई लाने वाली सरकार, कांग्रेस सरकार : सांसद सुरेश कश्यप

बैठक

8 मोदी सरकार के सुशासन की नींव के कारण हिमाचल की जनता हैट्रिक लगाने को तैयार: चेतन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप जुब्बल पहुंचे जहां उन्होंने 8 कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है जहां उन्होंने युवाओं के साथ वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट



में एक लाख नौकरियां देंगे वहीं उन्होंने एक लाख क्या एक भी नौकरी नहीं दी, यह अपने आप में बहुत बड़ी विडंबना है। कांग्रेस पार्टी ने उल्टा 10000 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया, जो कि युवाओं के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रहार है, यह वही 10000 युवा हैं जिन्होंने कोविड संकटकाल के समय जनता की सेवा करी थी आज वह सडकों पर है अपना अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा यह वही कांग्रेस सरकार है जो झूठ बोलकर सत्ता में आई और आते ही उन्होंने जिन-जिन वादों को पूरा करना था, उनके विपरीत काम किया। अगर हिमाचल प्रदेश में किसी ने महंगाई बढ? का काम किया तो वह केवल मात्र कांग्रेस है। अभी तक सत्ता में आते ही डीजल पर दो बार वैट बढ़ाने का काम इसी सरकार ने किया डीजल को 17 रु महंगा किया गया, इससे सभी प्रकार की वस्तुएं महंगी हो गई और हिमाचल प्रदेश की जनता पर बोझ बढ़ गया। ऐसी सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी जो अपनी सुख सुविधाओं के लिए जनता पर बोझ डालने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उनके अपने विधायकों के काम ही नहीं हो रहे हैंए विधायक निधि पर रोक लगाई गई थी। जब नेता प्रतिपक्ष द्वारा और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा संघर्ष किया गया तब हिमाचल प्रदेश में विधायक निधि स्वीकृति की गई वो भी आधी, हिमाचल प्रदेश में कभी ऐसा नहीं हुआ यह हिमाचल प्रदेश के विकास पर भी प्रहार है। यह जनविरोधी सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी और परिणाम स्वरुप भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार बनाएगी।प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने जुब्बल में सांसद सुरेश कश्यप के जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का एक रोडमैप है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल की जनता भाजपा को सभी 4 सीटें जीता कर देगी।

# कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी अवैध शराब की 86 पेटियां

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार रात को एक गुप्त एवं पुख्ता सूचना के आधार पर जोल सप्पड़ क्षेत्र के एक मकान में छापा मारकर अवैध शराब की 86 पेटियां बरामद की हैं। विभाग के उप आयुक्त वरुण कटोच ने बताया कि इस अवैध शराब की कीमत लगभग 3.34 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. नवल, कर एवं आबकारी अधिकारी नितिन गुप्ता, नीरज गोयल और सुनील राणा, सहायक कर एवं आबकारी अधिकारी सृष्टि ठाकुर और रवीना ठाकुर की टीम ने यह



अवैध शराब पकड़ी। वरुण कटोच ने बताया कि विभाग की टीम ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और अवैध शराब पुलिस की टीम को सौंप दी। पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 के तहत इसकी जांच आरंभ कर दी है। उप आयुक्त ने बताया कि जिला हमीरपुर में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर शराब के भंडारण एवं वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वरुण कटोच ने बताया कि आने वाले दिनों में भी विभाग की टीमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी करेंगी।

उन्होंने सभी जिलावासियों से भी अपील की है कि अगर उन्हें अपने क्षेत्र में शराब के अवैध भंडारण, वितरण या तस्करी का पता चलता है तो वे तुरंत विभाग के अधिकारियों को सूचित करें।

# टकोली और बेरियां में हर घर दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**राजन पुरी**

**ऊना:** बंगाणा ब्लॉक को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब हर घर में दस्तक दे रहा है। शनिवार को सीडीपीओ बंगाणा रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत टकोली व बैरियां में हर घर दस्तक अभियान को आगे बढ़ाने और जिलाधीश जतिन लाल का संदेश पत्र घर घर में हर जन तक पहुंचाने का आगाज हुआ।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सभी पंचायत टास्क फोर्स के साथ मिलकर इस अभियान पर काम करेंगे। आने वाले समय में हर पंचायत में प्रशासन के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

# बिश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन पर विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टाशीगंग में सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी शुक्रवार को पहुंचे। इस दौरान यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक की। स्थानीय लोगों की मांगे सुनी। लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में टाशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थाई तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ बैठक की गई। उन्होंने प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया है। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टाशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहुल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। साल में छह माह बर्फ से ढका रहता हैं। यहां आक्सीजन की कमी होती है।2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहुल स्पीति जिले में स्थित हिक्किम था। लेकिन 2019 में टाशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया।2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थेए जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता है।

# महंगाई लाने वाली सरकार, कांग्रेस सरकार: सुरेश कश्यप

कार्यक्रम

8 पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप जुब्बल पहुंचे जहां उन्होंने 8 कार्यक्रमों में भाग लिया।

**चमन शर्मा**

**जुब्बल/शिमला:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप जुब्बल पहुंचे जहां उन्होंने 8 कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है जहां उन्होंने युवाओं के साथ वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में एक



लाख नौकरियां देंगे वहीं उन्होंने एक लाख क्या एक भी नौकरी नहीं दी, यह अपने आप में बहुत बड़ी विडंबना है। कांग्रेस पार्टी ने उल्टा 10000 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया, जो कि युवाओं के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रहार है, यह वही 10000 युवा हैं जिन्होंने कोविड संकटकाल के समय जनता की सेवा करी थी आज वह सडकों पर है अपना अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा यह वही कांग्रेस सरकार है जो झूठ बोलकर सत्ता में आई और आते ही उन्होंने जिन-जिन वादों को पूरा करना था, उनके विपरीत काम किया। अगर हिमाचल प्रदेश में किसी ने महंगाई बढ? का काम किया तो वह केवल मात्र कांग्रेस है। अभी तक सत्ता में आते ही डीजल पर दो बार वैट बढ़ाने का काम इसी सरकार ने किया डीजल को 17 रु महंगा किया गया, इससे सभी प्रकार की वस्तुएं महंगी हो गई और हिमाचल प्रदेश की जनता पर बोझ बढ़ गया। ऐसी सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी जो अपनी सुख सुविधाओं के लिए जनता पर बोझ डालने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उनके अपने विधायकों के काम ही नहीं हो रहे हैं, विधायक निधि पर रोक लगाई गई थी।

# आम चुनाव 2024: जब मां ने चुनाव लडने से मना कर दिया तो बेटे को चुनावी दंगल में धकेल दिया

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** आम चुनाव 2024 में अपनी हार को सामने देखते हुए निवर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़े करते हुए अपने कार्यकताओं और प्रदेश की जनता की काम ना होने का हवाला देते हुए आम चुनावों से करनी काट ली और चुनाव लड? से मना कर दिया। ऐसे में प्रदेश में मौजूद सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने शिमला ग्रामीण से विधायक और प्रदेश सरकार में लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनावी दंगल में धकेल कर उनकी बलि चढ़ा दी है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अदाकारा कंगना रनौत के पक्ष में नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैल चौक में एक भारी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जयराम ठाकुर ने कहा क्या मंडी संसदीय क्षेत्र से सिर्फ एक ही परिवार का राज रहेगा उन्होंने यही सोच रखा है पहले पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह उनके बाद उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह अब उनका बेटा विक्रमादित्य सिंह क्या मंडी क्षेत्र में कांग्रेस के पास कोई और प्रत्याशी नहीं है जो केंद्र सरकार में मंडी का प्रतिनिधित्व कर सके। एक ही परिवार ने ठेका ले रखा है। ठाकुर जय राम ने प्रदेश सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कड़े जुबानी प्रहार की है उन्होंने सुखविंदर सिंह सुक्खू को कहा वह अपनी मर्जी के मालिक हैं अपनी मर्जी से सरकार चलाते हैं चुने हुए विधायकों चुने हुए नुमाइंदों को उनकी नजर में कोई कदर नहीं है। जिसका ताजा तरीन परिदृश्य जनता के सामने हाल ही



में राज्यसभा चुनावों में देखने को मिला। जब उन्हीं की सरकार के 6 विधायक उन्हीं का साथ छोडकर हमारी सरकार के हमारे प्रत्याशी अपना वोट देते हैं। जो व्यक्ति अपने सरकार में अपने विधायकों को नहीं संभाल सकता अपने मंत्री को नहीं संभाल सकता वह प्रदेश की जनता को कैसे संभाल पाएगा। जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते आए हैं मगर व्यवस्था परिवर्तन में प्रदेश की जनता का 15 महीने में ही प्रदेश सरकार से मोह भंग हो चुका है। आज हर तरफ प्रदेश की जनता दुखी है परेशान है ।15 महीना में कोई भी विकास कार्य सीरे नहीं चढ़ पाया। उन्होंने कहा हमने बिना गारंटी दिए ही 125 युनिट बिजली मूफ्त दी। महिलाओं का किराया आधा किया मगर कांग्रेस सरकार गारंटिया देने के बावजूद आज तक 15 महीने में महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी को पूरा नहीं कर पाए। अब चुनाव का दौर आया तो महिलाओं से फार्म भरवाने शुरू कर दिए उनसे झूठे फार्म भरवाए जा रहे है।

मगर महिलाओं के साथ इस तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो विकास कार्य चल रहे थे उन्हें भी रोक दिया गया है प्रदेश सरकार केंद्र सरकार पर यही आरोप लगाती आ रही है कि पिछले आपदा किस में केंद्र सरकार से हमें कोई राहत नहीं दी गई मगर विक्रमादित्य सिंह जगह.जगह यह बयान देते आ रहे हैं कि हमने 3000 करोड रुपए से सडकों का निर्माण करवाया है यह 3000 करोड़ कहां से आया की 3000 करोड़ जो है ये केंद्र सरकार द्वारा ही प्रदेश सरकार को दिया गया यह जो काम चल रहे हैं यह नाबार्ड द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के द्वारा विश्व बैंक के द्वारा चलाई जा रही हैं। यह पैसा केंद्र सरकार द्वारा ही दिया गया है आज प्रदेश सरकार के हालात यह है कि वह अपने एम्पलाइजों को भी तनख्वाह देने की हालत नहीं है। जब से प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुख सरकार बनी है हर महा हजारों करोड रूपए कर्जा लिया जा रहा है ।उन्होंने भरी जनसभा में यह आश्वासन दिया है आने वाले लोकसभा चुनाव जो 1 जून को होंगे 4 जून को उनका नतीजा निकलेगा और 4 जून को जहां केंद्र में मोदी की सरकार होगी वहां प्रदेश में भी सत्ता परिवर्तन के पूरे आसार है हिमाचल में भी भाजपा की सरकार पुनः सता में आएगी। उन्होंने जनता से अनुरोध किया है कि हिमाचल से चारों सीटें मोदी की झोली में डालें और उन्होंने आशा जताई है कि जिस प्रकार से आज यहां पर महिलाओं की और कार्यकताओं की हुजूम उमड़ा है नाचन से कम से काम भी 20000 से ज्यादा मतों के लीड कंगना रनौत को मिलेगी और कंगना रानाउत बहुत अच्छे मार्जिन से जीतकर केंद्र सरकार में मंडी की आवाज को बुलंद करेंगे।इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत विधायक विनोद कुमार मंडलाध्यक्ष सोहन सिंह ठाकुर जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल भाजयुमो अध्यक्ष पंकज ठाकुर ललित कुमार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस तथा परिवहन निगम के कर्मियों को ईडीसी तथा पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मिलेगी मतदान की सुविधा

**बैठक**

8 उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**हामिद**

**चंबा:**उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस तथा राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत ईडीसी तथा पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर आज उनके कार्यलय कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया।

मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी कर्मियों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात कर्मियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट ईडीसी तथा दूसरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी।मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ईडीसी के लिए 12 ए फॉर्म भरना होगा तथा पोस्ट बेल्ट पेपर प्राप्त करने के लिए 12 नंबर फॉर्म आवश्यक रहेगा। विभागीय नोडल अधिकारी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को सूची प्रेषित करेंगे।उन्होंने बताया कि ईडीसी के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी संबंधित मतदान केंद्र में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान करने के लिए चुनाव पूर्वाभ्यास के दौरान संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह पोस्ट बेल्ट पेपर के लिए निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी अलग से एक विशेष सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि विभागीय नोडल अधिकारी उपमंडल स्तर पर भी सहायक नोडल अधिकारी तैनात करेंगे ताकि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को ड्यूटी पर तैनात होने वाले कर्मियों से ईडीसी तथा पोस्ट बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी एवं जागरूकता को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र चौधरी, सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सुरजीत धीमान, क्षेत्रीय प्रबंधक राज्य पथ परिवहन निगम शुगल सिंह, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा उपस्थित रहे।

# स्वीप के अंतर्गत भरमौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**अभियान**

8 136-कुवारसीं, 150-बजोल, 125-बड़ेई और 67-दाडवी में भरमौर में अभियान चलाया गया



**हामिद**

**चंबा:**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन विभाग, भरमौर द्वारा चलाये जा रहे व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत मतदान केंद्र 136-कुवारसीं, 150-बजोल, 125-बड़ेई और 67-दाडवी में भरमौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे तहसीलदार भरमौर तेजराम ने125 ग्रीमा-1बडेई में जाकर जनता को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई।उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उपस्थित जनसमूह को मतदान करके भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूक किया गया। टीम ने आसपास रहने वाले लोगों को मतदान के दिन यानी 1 जून 2024 को अवश्य मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने का निवेदन किया। कार्यक्रम मे सैकटर अधिकारी करतार सिंह और मनोहर लाल ने एकत्रित स्थानीय जनता को मतदान से संबंधित शपथ भी दिलवाई।राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुवारसीं के बच्चों ने भी जनसमूह को मतदान जागरूकता के लिए चित्रकला और स्लोगन राइटिंग इत्यादि से लोकतंत्र के इस महापर्व में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित भी किया।

## लोक सभा निर्वाचन के संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रथम रेंडमाइजेशन

**मनीष**

**सोलन:**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज जिला सोलन के एन.आई.सी. मुख्यालय में लोक सभा निर्वाचन-2024 के संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार डी.आई.एस.ई. सॉफ्टवेयर में प्रथम यादृच्छिकरण रेंडमाइजेशन किया। मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिला से कुल 3516 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्वाचन ड्यूटी के लिए प्राथमिक व द्वितीय पूर्वाभ्यास के लिए नियुक्त किया गया।

# एसडीएम गोहर ने दिलाई मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में मतदान की शपथ

**जागरूक**

8 गोहर की अध्यक्षता में मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में मतदाताओं को जागरूक किया गया।





**सुभाग सचदेवा**

**गोहर :** नाचन विधानसभा में मा भी पाणा वोट अभियान के तहत एसडीएम गोहर की अध्यक्षता में मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पाठशाला के बच्चों, अध्यापकों और स्थानीय लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मे मतदान की क्या उपयोगिता है और चुनाव क्यों जरूरी है यह भी विस्तार से समझाया।एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में से दर्ज करवा लें। साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों में बढ़-चढकर मतदान करने का आह्वान भी किया। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में नाचन में 81प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए चुनाव विभाग और स्वीप टीम मतदान प्रतिशत बढाने के लिए लगातार मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाए हुए है जो की मतदान होने तक जारी रहेंगे। ऐसे कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थानों, एजुकेशन कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व आई.टी.आई. स्थानीय मेलों आदि में चलेंगे। स्कूल की हंसिका और हिमांशु ने मतदान की उपयोगता को समझाने के लिए स्कूल की द्वारा भाषण द्वारा जागरूक किया। स्कूल की बच्चों ने समूहगान द्वारा संदेश दिया गया कि बिना किसी लालच में आये उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करें और चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लें। इस अवसर पर स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, स्वीप टीम के सदस्य हेमराज, सुरेश, मंगलम पब्लिक

## संक्षिप्त खबरें

### झाखरी पब्लिक स्कूल में विधार्थियो को मतदान के प्रति किया जागरूक : प्रेस विज्ञप्ति



**लिहांटू**

**रामपुर/ झाखरी :** निर्वाचन विभाग रामपुर के स्वीप टीम ने मतदाताओ को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए झाखरी पब्लिक स्कूल, झाखरी तहसील रामपुर में छात्र व छात्राओं को मतदान के महत्व पर जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी स्वीप रामपुर विपन शर्मा ने लोकतन्त्र को मजबूत करने के लिए युवा पीढ़ी को मतदान करने का आग्रह किया। उन्होने विधार्थियों से अपने आस पास लोगों व अपने अभिभावको को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए भी कहा ताकि मतदान प्रतिशत को बढाया जा सके। स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओ को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नारा लेखन, पोस्टर व भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारा लेखन में भूमिका प्रथम, गिरिषा द्वितीय व रीशिका तृतीय स्थान पर रही व पोस्टर में प्रथम भारत किशोर, द्वितीय सृष्टि व तृतीय वंश रहा जबकि भाषण में तानिशा प्रथम, तानवी द्वितीय व फलक तृतीय स्थान पर रही। नोडल अधिकारी स्वीप रामपुर विधान सभा निपन शर्मा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वीप टीम के सदस्य नागिन शर्मा व स्कूल के अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहें।

### हाइकोर्ट के निदेशी के बाद सोलन शहर में प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**मनीष**

**सोलन:** कालका शिमला नेशनल हाईवे 5 पर लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने मुहिम छेड़ दी है। 2 दिन की मुहिम जिला प्रशासन सोलन द्वारा की जा रही जिसमें एनएच किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है इसमें अवैध पार्किंग, अवैध रूप से लगाई गई रेहडि?ां प्रशासन द्वारा हटाई जा रही है।शनिवार को शहर के सपरून बाईपास में एनएच किनारे लगी अवैध रूप से रेहडि?ां जेसीबी की मदद से हटाई गई है और लोगों को यहां पर न बैठने की हिदायत दी गई है। वहीं सोमवार को भी यह मुहिम सोलन में जारी रहने वाली है। सोलन में शहर के श्मलेच, सब्जी मंडी के पास का एरिया और सलोगड़ा तक यह मुहिम प्रशासन जारी रखी जाएगी जिसमें, एसडीएम सोलन, नगर निगम सोलन के अधिकारी पुलिस विभाग के अधिकारी और तहसीलदार और पटवारी की एक टीम बनाई गई है। सोलन शहर में एनएच किनारे बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर हाइकोर्ट से जिला प्रशासन को यह आदेश प्राप्त हुए है।

एसडीएम सोलन डॉ पूनम बंसल जानकारी हाईकोर्ट के निदेर्शों के बाद आज सोलन शहर के सपरून बाईपास में अवैध तौर पर लगाई गई रेहडि?ों को हटाया गया है और उन्हें यहां पर न बैठने की हिदायत दी गई है।उन्होंने कहा कि रेहड़ी धारकों के लिए नगर निगम सोलन द्वारा वेंडर मार्केट का निर्माण किया गया है ऐसे में वे लोग वहां पर बैठ सकते हैं लेकिन एनएच किनारे अब किसी भी तरह से अवैध रेहड़ी नहीं लगने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक यह मुहिम शहर में चलने वाली है जिसके तहत सलोगड़ा, शहर और सपरून बाईपास मऔर शमलेच में अवैध पार्किंग, कब्जों और रेहडि?ों को हटाया जाना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे लोग जहां पर भी अवैध रूप से अपने वाहनों को पार्क कर रहे हैं या फिर रेहड़ी लगा रहे हैं उसे तुरंत हटा ले वरना प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अपने पिता स्व वीरभद्र जी की प्रतिमा को नहीं दिला पाए 2 गज जमीन, तो मंडी के मुद्दे क्या हल करेंगे विक्रमादित्य: राकेश




**चमन शर्मा**

**शिमला:** मंडी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पिछले दिनों जिस सरकार के आज गुणगान गा रहे हैं, उनकी कार्यशैली से नाराज होकर एक समय में इस्तीफा दे दिया था। लेकिन, बाद में आज उसी सरकार के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का दिखावा कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि या तो मंत्री जी को सत्ता की इतनी ललक है कि जिस तरह को पलड़ा भारी होता है उस तरफ अपने कदम बढ़ा देते है। उनका व्यवहार बिन पेंदे के लोटे के समान है, जो कभी इधर तो कभी उधर डोलते नजर आते हैं। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो अपने पिताजी को उनका सम्मान अपनी ही सरकार में नहीं दिला पाए, वो मंडी का अधिकार किस तरह दिला पाने में सक्षम होंगे इस बारे में मंडी कि जनता परेशान है।बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा प्रदेश की सरकार व कांग्रेस संगठन में समन्वय की कमी है। मुख्यमंत्री हर जनसभा में यह प्रचार कहते जा रहे हैं कि केंद्र से कोई सहायता हिमाचल प्रदेश को नहीं मिली है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से 3000 करोड़ से अधिक की राशि सिर्फ और सिर्फ सडकों को मिलने की बात स्वीकार अपने सोशल मीडिया अकाउंट से की है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या सरकार झूठ बोल रही है।भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि आपदा के समय में केंद्र से भरपूर सहायता प्रदेश को मिली है, लेकिन कांगेस हमेशा इससे झूठ बोलकर इनकार करती रही।हिमाचल बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि पहले विक्रमादित्य सिंह ने अपने पिता के अपमान की बात की वे अपने पिता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं करवा सके।उनकी मां और मंडी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद कहती है कि सांसद निधि देकर चुनाव नहीं जीते जाते।अब विक्रमादित्य सिंह कह रहे हैं कि वह मंडी के समस्याओं का समाधान करेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जो शख्स अपने पिता के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं करवा सका, वह आखिर मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता के मुद्दे कैसे उठाएगी। उन्होंने कहा कि

## टायर ट्यूब पलटने से अधेड़ व्यास नदी में डूबा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** सदर क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत तरनोह के घेरू बल्ह मैं व्यास नदी को आर पार करने के लिए लगाई गई टायर ट्यूब पलट जाने से एक व्यक्ति व्यास नदी में डूब कर मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान रूपलाल पुत्र पूर्ण चद निवासी घेरू बल्ह जो मंडी के भिवुली में एमडी स्वीट्स की दुकान चलाता था अपनी पत्नी संग द्रांग क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलग के चरोग मैं विवाह शादी में शिरकत करने जा रहे थे। व्यास नदी को पर करने के लिए कोई भी झूला पुल या झूला नहीं है इसलिए लोगों ने अस्थाई तौर पर टायरट्यूब में हवा भरकर व्यास को पार करने का साधन निश्चित किया है।

# भाजपा में एक राजा, बाकी कठपुतलियां: कौशल

**चुनाव**

8 कांग्रेस में रहते ये पूर्व विधायक सीएम को चिृियां लिख सोशल मिडिया पर वायरल करते रहे हैं।



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** हिमाचल कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा को घेरते हुए कहा है कि यहां सिर्फ एक राजा बाकी सब कठपुतलियां हैं। प्रेम कौशल ने हमीरपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस लोकसभा की चारों सीटों के साथ साथ विधानसभा उपचुनावों की सभी छः सीटों को भी जीतेगी।उन्होंने बताया कि कांग्रेस के अंदर एक वोट पीएम और एक वोट सीएम का कोई नारा नहीं चल रहाए यह मिडिया की उपज है जबकि दोनों वोट कांग्रेस उम्मीदवारों को ही जायेंगे। उन्होंने उन बागी कांग्रेसी पूर्व विधायकों से पूछा कि अब भाजपा में एंट्री करने के बाद उनका ओपीएस को लेकर क्या रुख है। कांग्रेस में रहते ये पूर्व विधायक सीएम को चिृियां लिख सोशल मिडिया पर वायरल करते रहे हैं।

प्रेम कौशल ने पूछा कि क्या अब भी वे भाजपा कार्यकर्ता या भाजपा नेता के रूप में जन समस्याओं को पीएम नरेंद्र मोदी को चिृी लिख सोशल मीडिया पर वायरल करने का साहस रखते हैं।

# प्रवासी श्रमिकों का वास्तविक डाटा करें एकत्रित : अमरजीत सिंह



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:**सर्वोच्च न्यायालय ने असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। जिला हमीरपुर में भी राशन कार्ड से छूटे ऐसे श्रमिकों की पहचान करके उन्हें राशन कार्ड प्रदान किए जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश सर्वोच्च न्यायालय ने दिए हैं राशन कार्ड प्रदान करने के आदेश सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना के लिए एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करने हेतु उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शनिवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, शहरी विकास विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के धिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों का वास्तविक डाटा एकत्रित करें, ताकि राशन कार्ड से छूटे श्रमिकों की पहचान की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ऐसे श्रमिकों के राशन कार्ड पंचायतों के माध्यम से बनाए जाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों के श्रमिकों के कार्ड स्वयं खाद्य आपूर्ति विभाग बनाएगा। अमरजीत सिंह ने कहा कि इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रवासी श्रमिकों का डाटा साझा करें। इसमें पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के संबंध में विभाग की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

# अपने मंत्रालय के जरिए विकास करवाया हो तो सांझा करें अनुराग: सांख्यान



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता तथा लोस चुनावों दृष्टिगत एआईसीसी से प्रदेश कांग्रेस में मीडिया समन्वयक का अतिरिक्त दायित्व संभाल रहे युवा संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर से सवालों के कटघरे में खड़ा कर जबाव मांगा है कि कम से अपने विभाग की उपलब्धियों को ही जनता के बीच रख दें क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर कब तक अपनी किस्मत को आजमाओगे। संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय युवा सेवाएं, खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर अपने ही मंत्रालय से कम से कम अपने ही लोकसभा क्षेत्र का विकास करने में फिसड्डी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का रोना रोने वाले भाजपा नेता या इन माननीय के अनुयायी कम से इस संसदीय क्षेत्र में आने वाली 17 विधानसभाओं में क्रिकेट ही के विकास का विवरण दे देते, बाकि खेलों का इनके कार्यकाल में कितना बेड़ा गर्क हुआ है इसका पता अपने आस-पास के खेल गतिविधियों या खिलाडि?ों को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। इनके सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की बात करें तो यहां भी केंद्रीय मंत्री कोई दिग्विजय हासिल करने में पूर्णतया असफल रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि अनुराग ठाकुर ने अपने ही मंत्रालय की गतिविधियों को लेकर हिमाचल प्रदेश में कोई भी उपलब्धि हासिल नहीं की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अपने मंत्रालय का सदुपयोग कर पाने में असफल साबित हुए है। उन्होंने की हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक भी कार्यक्रम और वित्त प्रबंधन का काम नहीं किया, जबकि उनके पास सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय था हिनाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और उसके संवर्द्धन के लिए बहुत कुछ कर सकते थे। यूं तो संपूर्ण हिमाचल पौराणिक, धार्मिक तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा ऐतिहासिक जानकारियां अपने में संजोए हैं। यहां हर जिले का अपना एक अलग महत्व, इतिहास और स्थान हैं लेकिन इनके द्वारा यहां की संस्कृति को सहेजने के लिए कोई प्रयास तक नहीं किए गए। हर जिले में एक संग्रहालय बन सकता था, जहां पर जिला से संबंधित इतिहासिक धरोहरों को सहेजने का काम होता लेकिन इन्होंने भाषा एवं संस्कृति विभाग का भी साथ नहीं दिया। जिससे आने वाली पीढि?ां अपने गौरवमयी इतिहास की जानकारी से वंचित रह जाएंगी। बात यदि बिलासपुर की करें तो यहां इसे सप्तधार स्टेट कहा जाता है, खंडहर बन चुके किले अपनी पहचान खो रहे हैं, इनके जीर्णोद्वार का भी केंद्रीय मंत्री द्वारा कुछ सोचा न गया।

यदि पर्यटन की दृष्टि से ही यहां की प्राचीन संस्कृति और धरोहरों के साथ विरासत को सहेजने का काम किया होता तो यह हर एक प्रदेशवासी के लिए गौरव का विषय होता तथा लोगों के लिए इससे रोजगार के साधन भी पैदा होते। लेकिन नकारात्मक राजनीति कर जनता को भ्रमित करने वाले भाजपा नेताओं ने केवल नकारात्मक

# सुजानपुर में खुला भाजपा का मंडल कार्यालय, अनुराग ठाकुर ने किया शुभारंभ

**कार्यालय**

8 सुजानपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए सुजानपुर भाजपा का मण्डल कार्यालय खुल गया है

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर/सुजानपुर:**आने वाले लोकसभा एवं सुजानपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए सुजानपुर भाजपा का मण्डल कार्यालय खुल गया है पंजाब नेशनल बैंक सुजानपुर शाखा के द्वितीय धरातल पर पार्टी कार्यालय बनाया गया है।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय का केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया इस मौके पर सुजानपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे केंद्रीय मंत्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच रिबन काट एवं दीपक प्रचलित करके पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया।इस मौके पर उन्होंने भाजपा मंडल सुजानपुर एवं भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा के उप चुनाव को लेकर तमाम कार्रवाई इसी कार्यालय से होगी। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुमित शर्मा मंडल महामंत्री जगन कटोच अनिल कौशल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर शहरी इकाई अध्यक्ष सुमन महाजन सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे यहां पहुंचे केंद्रीय मंत्री का तमाम लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# संपादकीय

## सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, "हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।" पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, "समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।" उस समय के नियम सबको मान्य थे।

नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

# सियासत के किले हैं , तो वे ढहेंगे भी

राजेश माहेश्वरी

"भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये। लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ?"

**देश -दुनिया में** दुर्ग यानि किले सत्ताधीशों के ही बनते आये है। लेकिन ये दुर्ग जब लोकतंत्र में सियासी दल भी बनाते हैं तो उन्हें ढहाने का उपक्रम भी लगातार चलता रहता है। सियासत के दुर्ग या तो राजनीतिक दल की विचारधारा के आधार पर बनाये जाते हैं या फिर व्यक्तित्व के आधार पर। आजादी के बाद यदि किसी राजनीतिक दल का सबसे मजबूत किला था तो वो था कांग्रेस का । लेकिन बाद में अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने-आपने इलाकों में किलों के बजाय छोटी-छोटी गढ़ियाँ बनाना शुरू कर दीं। आजकल देश में कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजबूत किला भाजपा का है और उसे ढहाने में कांग्रेस समेत देश के तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दल लगे हुए हैं।

अतीत में झांके तो पाएंगे कि पहले सियासी किले अभेद्य हुआ करते थे। उनके ऊपर किसी भी तरह के हमलों का असर नहीं होता था ,क्योंकि ये किले विचारधारा की नींव पर खड़े किये गए थे। कांग्रेस,भाकपा,समाजवादी और दक्षिण पंथियों ने समय-समय पर अपने किले बनाये। इन किलों के जरिये देश में आरसे तक राजनीति भी खूब फली-फूली ,लेकिन जब किलों के ढहने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर रुका नहीं। एक जमाने में जहाँ-जहँ कांग्रेस के किले थे वहां-वहां क्षेत्रीय दलों ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया। ये क्षेत्रीय किले कहीं-कहीं कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए और कहीं एकदम अकेले।

पश्चिम बंगाल में वामपंथ का किला 25 साल तक अभेद्य रहा। उसे कांग्रेस से अलग हुई तृणमूल कांग्रेस की संस्थापिका सुश्री ममता बनर्जी ने तोड़ा। दक्षिण के क्षेत्रीय किले तोड़ने के लिए कांग्रेस और भाजपा लगातार कोशिश करती रही ,लेकिन उन्हें ध्वस्त नहीं कर पायी। कर्नाटक में किले ढहाने और उन पर कब्जे करने का सनातन खेल जारी है। भाजपा ने 2014 में कांग्रेस के किले को ही नहीं ढहाए बल्कि कांग्रेस की गढ़ियाँ भी ध्वस्त कर दीं। लेकिन अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के किले आज भी सुरक्षित हैं। मिसाल के तौर पर ओडिशा में बीजू जनता दल का किला। इन दिनों भाजपा का किला ढहाने के लिए कसबल लगाया जा रहा है। 2024 में भाजपा का किला ध्वस्त करने के लिए जगह-जगह सेंधमारी की जा रही है। कहीं कामयाबी मिल रही है और कहीं नहीं भी। दिल्ली और झारखण्ड कि किलेदारों को जेल की हवा भी खिला दी गयी है किन्तु ये किले यानि गढ़ियाँ जीती नहीं जा सकीं।



**बाहुबल अब गौण हो गया है, हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है।**

भाजपा का किला राम नाम की ईंटों से बनाया गया है अभी ये किला 44 साल पुराना ही है। इस किले को बनाने में राम जी बार-बार काम आये लेकिन इस बार भाजपा के किले की अनेक बुर्जों पर विरोधियों ने जमकर सेंधमारी की है।

लोकतंत्र में सियासी किले ढहाने के लिए मतदान सबसे बड़ा जरिया है । वोट के बम किले की किसी भी बुर्ज को ध्वस्त कर सकते हैं और इन्हीं क्षतिग्रस्त बुर्जों से किले के भीतर जाने के रस्ते बनाये जानते हैं। सियासी किलों की मरम्मत और हमलों का काम हर पांच साल में होता है। इस साल भी किले फतह करने, किले कमजोर करने की कवायद चल रही है । पहले हमले में 102 ठिकानों पर जोर -आजमाइश हुई है। अभी इसी तरह के छह हमले और किये जाने है।

सियासी किले बचने के लिए साम-दाम-दंड भेद के सात गोधन,गजधन ,बाजधन और रतनधन के अलावा इलेक्ट्रोरल बांड से मिले धन का भी इस्तेमाल किया जाता है। बाहुबल अब गौण हो गया है ,हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है। उसकी अक्षोहणी सेना में संघ दीक्षित स्वयं सेवकों के साथ अंधभक्तों की तादाद दूर दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। अंधभक्तों की टुकड़ी सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाती है ,क्योंकि इसे अपने राजा के अलावा कोई दूसरा सूझता ही नहीं।

मैंने अपने जीवन में अनेक मजबूत से मजबूत किले ध्वस्त होते देखे है। मैंने अनेक गढ़ियाँ बनते -बिगड़ते देखीं हैं। आपने भी देखी ही होंगीं लेकिन आपने शायद इनके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। जनता जनार्दन अक्सर इन किलों में या तो कैद रहती है या फिर अपने आपको महफूज महसूस कर इनसे बाहर नहीं निकलती। इन किलों में गरीबी परिवारों को पेट की आग बुझाने के लिउए मुफ्त का राशन और भाषण दोनों मिलता है । मनोरंजन के लिए रामधुन,आत्मशांति के लिए मंदिर की सुविधाएं भी मुहैया कराई जातीं है। कांग्रेस के किलों में मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारा और गिरजाघर सब होते हैं। पहले इन्हीं सुविधाओं की वजह से कांग्रेस के किलों में ज्यादा लोग बसते थे। लेकिन बाद में कांग्रेस के किले में भगदड़ मची । हाल के दिनों में टोकांग्रेस का किला छोड़कर भाजपा के किले में लगे शरणार्थी शिविर में सबसे ज्यादा आमद दर्ज कराई है। भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये। लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ? मै राम की बात इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि भारत में एक दशक से सब कुछ राम के नाम पर ही हो रहा है। कभी-कभी भोले बाबा और योगाधीश कृष्ण का भी नाम लिया जाता है ,अभी राम का नाम सबसे ज्यादा चल रहा है।

हम तुलसी और कबीर के वंशज महासंग्राम के टीकाकार से ज्यादा कुछ नहीं है।

हम ज्यादा से ज्यादा तुमुल ध्वनि कर सकते है। हमारी बिरादरी के कुछ लोग बाकायदा जिरह-बख्तर पहनकर भाजपा के लिए लड़ भी रहे हैं।

किन्तु असल लड़ाई जनता लड़ रही ह। यदि कोई किला ढहता है या और मजबूत होता है तो इसका श्रेय किसी की गारंटी को नहीं बल्कि जनता की उदारता को दिया जाना चाहिए। अब देखिये आगे-आगे होता है क्या ?

# कविता

## मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।

फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।

फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी
दोनों दिखाई दी

संजीव

## भ्रमजाल में खुद भी फंसिए और दूसरों को भी फंसाईये

सुशील कुमार

**आइए,आइए** साहेबान! एक बार हमारी तरफ भी नजर फरमाऐं। सब कुछ आपके लिए ही तो सजा रखा है। भारी डिस्काउंट, गिफ्ट आइटम। सब कुछ तो है। एक बार हमारी तरफ आकर तो देखें। वादा रहा। निराश नहीं करेंगे। क्या कहा, गारंटी! जी, फुल गारंटी। कोई टेंशन नहीं। शिकायत मिले तो सौ फीसदी रिटर्न। अरे भाई! उधर मत जाओ। धोखेबाज हैं। गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। मौके के यार हैं। अभी दिख रहे हैं। काम निकलते ही अपना मजमा समेट ऐसे निकल जायेंगे, जैसे कभी यहां थे ही नहीं। इनका एक ठिकाना हो तो आपको बताएं। जितने आप और हम कपड़े नहीं बदलते,उससे ज्यादा तो ये ठिकाने बदल लेते हैं। क्या कहा? ये जुबान के सच्चे हैं। भाई साहब, आप कौन से युग में जी रहे हैं। ये त्रेता के सत्यवादी हरिश्चन्द्र थोड़े ही हैं, जो जुबान के पक्के हो। ये तो कलियुग के मिथ्यावादी हरिश्चंद्र हैं। कहेंगे कुछ और करेंगे कुछ। भूल गए पिछली बार आपसे इन्होंने क्या कहा था। बड़ी जल्दी भूल गए आप तो। ये वही है जो दही के नाम पर आपको कपास थमा गए थे। आप भी सोच रहे होंगे कि गाड़ी कौनसी पटरी पर चढ़ गई है। सब्र रखें। सब बताते हैं। आपको नहीं बताएंगे तो किसे बताएंगे। ये इलेक्शन स्पेशल ट्रेन है। हर क्षण इसका नया ड्राइवर और नया स्टेशन है। हां यात्री पुराने ज्यादा और नए कम हैं।

चुनावी बाजार की शुरूआत हो चुकी है। वोट जुटाने वाले प्रमुख ' होलसेल व्यापारी' बाजार में गाजे बाजे के साथ अपना मजमा लगा चुके हैं। सीजन को देखते हुए कारिंदों की फौज वक्त के साथ दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। बाजार की मांग अनुसार रोज कुरतों और फटकों के रंग बदले जा रहे हैं। सीजन का फायदा उठाने वाले वोट के होलसेल व्यापारियों ने जगह जगह अपने बंदे छोड़ दिए हैं। जो जैसे तैसे वोटरनुमा उपभोक्ताओं को लुभा अपनी ओर खींचने के जोड़ तोड़ के प्रयास में हैं।

बिना लाग लपेट कहने का सीधा भाव यह है कि फिलहाल राजनेताओं का सीजन चल रहा है? आए दिन किसी ना किसी को अपना फटका पहनाकर अधिक से अधिक संख्या में भावी ' माननीय' रूपी फ्रेंचाइजर बनाए जा रहे हैं।' आगामी समय में आपको ही आशीर्वाद मिलेगा ' यह जुमला लगातार उन्हें सादर भेंट स्वरूप मिल रहा है। एक ही क्षेत्र रूपी बाजार की फ्रेंचाइजी लेने वाले बीसों छोटे व्यापारी वोट रूपी सिक्योरिटी भरने को लालायित खड़े हैं। इसी का फायदा यह कहकर उठाया जा रहा है, वोट एकत्रीकरण में जिस व्यापारी की मार्केटिंग स्ट्रेजी स्ट्रॉन्ग रही, आशीर्वाद उसे ही मिलेगा। इसलिए बिना कुछ विचारे मैदान में लगे रहो। कोई हतोत्साहित होकर मैदान छोड़ दूसरे पाले में न चला जाए, इसका भी डायरेक्टर टीम विशेष ध्यान रख रही है। बीच बीच में ग्लुकोन-डी या मिक्स फ्रूट जूस के रूप में यह कहना उनमें और जोश भर रहा है कि आप ही सबसे आगे चल रहे हो। हाईकमान के पास आपकी पॉजिटिव रिपोर्ट है।

# विचार

## संयम, अनुशासन सफलता के अचूक अस्त्र

संजीव

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## नवाचार को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी

विजय गर्ग

**विभिन्न** क्षेत्रों में क्वांटम विज्ञान के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय ने 14 अप्रैल को विश्व क्वांटम दिवस के रूप में मनाया विज्ञान की दुनिया क्वांटम प्रौद्योगिकी के बढ़ते क्षेत्र से प्रेरित एक परिवर्तनकारी युग के शिखर पर है। क्वांटम विज्ञान कई प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है जो क्वांटम पैमाने पर कणों और प्रणालियों के व्यवहार को रेखांकित करते हैं। शब्द "क्वांटम स्केल" भौतिकी के क्षेत्र को संदर्भित करता है जो बहुत छोटे पैमाने पर होने वाली घटनाओं से संबंधित है, विशेष रूप से परमाणुओं, उप-परमाणु कणों और मौलिक कणों के स्तर पर। इसमें क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांत शामिल हैं, जो इन छोटे आयामों पर कणों और प्रणालियों के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। क्वांटम प्रौद्योगिकी के केंद्र में क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांत निहित हैं, जो भौतिकी की एक शाखा है जो सबसे छोटे पैमाने पर कणों के व्यवहार का वर्णन करती है। क्वांटम यांत्रिकी अनिश्चितता और सुपरपोज़िशन की धारणा का परिचय देती है, जहां कण एक साथ कई राज्यों में मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा, उलझाव, एक अन्य मौलिक क्वांटम घटना, दूरी की परवाह किए बिना कणों के गुणों को जोड़ती है, जिससे उनके बीच तात्कालिक संचार सक्षम होता है। ये प्रति-सहज ज्ञान संबंधी घटनाएँ, जो एक बार सिद्धांत के दायरे से बाहर हो गई थीं, अब कई क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता वाली अभूतपूर्व तकनीकों को बनाने के लिए उपयोग की जा रही हैं। क्वांटम विज्ञान में भारत का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है। क्वांटम सांख्यिकी पर सत्येन्द्र नाथ बोस के अग्रणी कार्य ने बोस-आइंस्टीन संघनन, क्वांटम सुपरकंडक्टिविटी और क्वांटम सूचना सिद्धांत सहित कई आधुनिक क्वांटम प्रौद्योगिकियों के लिए आधार तैयार किया। पिछले कुछ दशकों में, क्वांटम विज्ञान में प्रगति बढ़ी है, जिसने अद्वितीय कम्प्यूटेशनल शक्ति, सुरक्षित संचार और विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता वाले एक नए युग की नींव रखी है। क्वांटम यांत्रिकी के सबसे आकर्षक अनुप्रयोगों में से एक क्वांटम कंप्यूटर का विकास है।

## भगवान महावीर विचारों के वैज्ञानिक

प्रो. रवि जैन

**जीवन** का वास्तविक सुख आंतरिक शांति में है। आंतरिक शांति भावनाओं की निर्मलता में है। हम जितना विकार मुक्त रहते हैं उतने ही दुखों से मुक्त रहते हैं और उतने ही हम धार्मिक बन सकते हैं। हमारा मन यदि निर्मल है तो ही वह सच्चा धर्म है। जैन धर्म अनादि काल से चला आ रहा है। जैन धर्म में अहिंसा और कर्मों की विशेषता पर विशेष बल दिया जाता है। भगवान महावीर ने मुख्य रूप से पांच सिद्धांत दुनिया को दिए हैं। इनमें से प्रमुख तीन- अहिंसा, स्यादवाद एवम् अनेकांत और अपरिग्रह की चर्चा हम करेंगे। इन्हें अगर विश्व ईमानदारी से अपनाए तो दुनिया में सुख शांति हो सकती है।

अहिंसाः भगवान महावीर ने हमें कौन-सा ऐसा मार्ग बताया था, जिस कारण वह हमारे मन-मस्तिष्क में समाए हुए हैं। उन्होंने हमें अहिंसा का ऐसा सिद्धांत दिया था, एक ऐसा मार्ग बताया था, जिस पर चलकर हम सुख-शांति का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। अहिंसा जैन धर्म की मुख्य देन है। किसी भी जीव को मारना नहीं, हिंसा न करना ही अहिंसा है। किसी का दिल दुखाना, किसी की स्वतंत्रता को बाधित करना, किसी के साथ अन्याय एवम् शोषण करना, किसी की आजीविका बंद कर देना अथवा करा देना, ये सब हिंसा है। इनका त्याग ही अहिंसा है। भगवान महावीर ने पशु-पक्षी और पेड़-पौधों तक की हत्या न करने का अनुरोध किया है। अहिंसा की शिक्षा से ही समस्त विश्व में दया को ही धर्म प्रधान अंग माना जाता है। भगवान महावीर का ह्लजियो और जीने दोह्व का सिद्धांत जन कल्याण की भावनाओं को परिलक्षित करता है। दया, करुणा, प्रेम, दान, क्षमा, सत्य आदि सभी गुण अहिंसा में आ जाते हैं। हमारे आज के वैज्ञानिक कहते हैं कि हमें पानी छानकर पीना चाहिए। इसलिए हम आजकल आरओ आदि का उपयोग करते हैं, मगर भगवान महावीर स्वामी ने आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व ही यह बता दिया था कि एक पानी की बूंद में लगभग 36,450 जीवाणु होते हैं। इसलिए हमें उनकी रक्षा के लिए पानी छानकर पीना चाहिए। जैन धर्म में रात्रि भोजन का पूरी तरह से त्याग है। आज के वैज्ञानिक भी इसी सिद्धांत को कह रहे हैं कि हमें इंटरमिटेंट फास्टिंग करना चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 21 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# पूरे देश में मोदी सरकार के लिए प्रचंड जनमत: योगी

## स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है: सीएम

**दावा**

**8 स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की आठ सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। प्रधामंत्री के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी जी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है। जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया किया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा।

## 'भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ और लूट की बनी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मेरठ में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनीता वर्मा के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि दस साल में भाजपा की पहचान झूठ और लूट की बन गई है। हापुड़ रोड स्थित हाजीपुर गांव में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मेरठ सीट के टिकट को लेकर बहुत चर्चा हुई है। सामने वाले दल ने भी बहुत चर्चा की। पहले चरण के चुनाव से खबरें आ रही है कि पश्चिम की हवा भाजपा का सफाया करने जा रही है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। इनके घिसे-पिटे डायलॉग भी जनता सुनना नहीं चाहती है। भाजपा के नेताओं की कहानी भी कोई सुनना नहीं चाहता है। भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ और लूट की बनी है। भाजपा जितना झूठ किसी दल ने नहीं बोला होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लागू किए थे, उस समय यहां के किसानों ने दिल्ली में जाकर धरना दिया था। पुलिस किसानों के ट्रैक्टरों को पकड़ लेती थी। किसान घबराया नहीं और सालों तक लड़ता रहा। किसानों के आंदोलन से घबरा कर सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। किसान एमएसपी की कानूनी अधिकार की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार सुन नहीं रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के जितने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। किसान खुशहाल होने पर गरीबी अपने आप मिटनी शुरू हो जाएगी। जिस सरकार ने किसान को धोखा दिया हो और नौजवानों को परेशान किया हो, वह सरकारी नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के पेपर लीक होने से नौजवान निराश है। सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। पुलिस भर्ती की परीक्षा लाखों युवाओं ने दी थी। सरकार ने जान-बूझकर परीक्षा का पेपर लीक करा दिया। परीक्षा रद्द कराने को युवा सड़कों पर आ गए। सरकार को झुकना पड़ा और परीक्षा रद्द हो गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मेरठ में प्रधानमंत्री भी आए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घबराए हुए हैं और कई बार आ चुके हैं। 60 लाख युवा पुलिस भर्ती परीक्षा नहीं दे पाए। सरकार ने उनका भविष्य अंधकार में डाल दिया।

## फास्ट न्यूज

### दमकल कर्मियों ने मॉक ड्रिल में दिखाए करतब

**गुरुग्राम:** सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया। शहीद अग्निशमन अधिकारियों, कर्मचारियों की याद में मनाया जाने वाला अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया। सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को अग्निशमन कर्मचारियों ने विभिन्न तरीकों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डाक यार्ड में लगी भयंकर आग को बुझाते हुए 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसलिए हर साल 14 अप्रैल के दिन को अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

### गेहूं की उठान की मांग

**फतेहाबाद: जिले के उप**मंडल टोहाना के गांव ठरवा स्थित अनाजमंडी में अपनी गेहूं की फसल बेचने आए किसानों में मूलभूत सुविधाएं न मिलने से काफी गुस्सा है। मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के शासन और प्रशासन के दावे फेल साबित हो रहे है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व गेहूं का उठान तेज करवाने की मांग को लेकर शनिवार को किसानों ने ठरवां अनाज मण्डी में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर मण्डी से गेहूं का उठान तेज नहीं हुआ तो वे एसडीएम कार्यालय के बाहर गेहूं डालकर वहीं डेरा डालकर बैठ जाएंगे। ठरवा अनाजमंडी में गेहूं की फसल बेचने आए किसान सुनील कुमार, बंसीलाल ज्याणी, बलवीर सिंह समैन, रण सिंह ठरवी, अनूप ठरवा, कमल ज्याणी ने कहा कि मंडी में स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक किसानों के लिए शौचालय, पीने के शुद्ध पानी और रात के वक्त रोशनी जैसी सामान्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। मंडी में रोशनी का प्रबंध न होने की वजह से रात के अंधेरे में गेहूं चोरी के डर से किसानों को पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। किसानों ने कहा कि इस समय मण्डी में गेहूं की आवक काफी तेज हो गई है लेकिन समय पर गेहूं का उठान न होने की वजह से किसानों का सोना खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। इस कारण किसान और आढ़ती दोनों परेशान हैं लेकिन किसानों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। किसानों ने कहा कि गेहूं का उठान न होने के कारण सेंकड़ों किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह बनी हुई है कि खरीदा गया गेहूं मंडी के प्लेटफार्म एवं फडों पर पड़ा हुआ है वहीं अब बारिश आ जाती है तो उनकी गेहूं की फसल खराब हो सकती है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मंडी में किसानों के लिए पीने के शुद्ध पानी, शौचालय, रात के समय रोशनी, गेहूं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों और मंडी में साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए और उनके गेहूं का अविलंब उठान कर भुगतान किया जाए।

## सचिन पायलट ने दलित परिवार के घर किया भोजन



**निर्देश**

**8 सचिन का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे दलित परिवार के घर खाट पर बैठकर भोजन कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सवाई माधोपुर: लोकसभा** चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के सभी बड़े नेता अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए धुंआधार प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते नेताओं को समय पर भोजन करना भी नसीब नहीं हो रहा। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता कभी चलती कार में तो कभी हेलीकॉप्टर में तो कभी किसी कार्यकर्ता के घर पर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल था, जिसमें वे हेलीकॉप्टर में ही भोजन करते नजर आए थे। अब कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे चुनाव प्रचार के दौरान एक दलित परिवार के घर खाट पर बैठकर हाथ में थाली लेकर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो शुक्रवार का है। दरअसल, सचिन पायलट शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। पायलट पहले चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उसके बाद पायलट बामनवास क्षेत्र के खेड़ली गांव पहुंचे, वहां भी उन्होंने हरीश मीणा के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा व कार्यकर्ताओं के साथ एक दलित परिवार के घर पहुंचे। जहां उन्होंने खाट पर बैठकर हाथ में थाली लेकर भोजन किया।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की शुरूआत की।

## बापूबाजार में निकला शाह का रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**अपील**

**8 बापूबाजार में रोड शो कर मतदाताओं से प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में वोट की अपील की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर:** लोकसभा चुनाव के मतदान से पांच दिन पहले शुक्रवार रात केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर के बापूबाजार में रोड शो कर मतदाताओं से प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में वोट की अपील की। भाजपा संगठन ने रोड शो निकालने का समय शाम 5 बजे घोषित किया था, मगर रोड शो बैंक तिराहे से रात 8 बजे शुरू किया गया। तीन घंटे देरी के बावजूद करीब 10 हजार भाजपा कार्यकर्ता बापूबाजार में डटे रहे। रोड शो एक खुली गाड़ी में निकला गया। गाड़ी की सजावट कर रथ का रूप दिया गया। रथ पर गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल और उदयपुर के लोकसभा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत मौजूद थे।

## भाजपा के रामशंकर ने किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मोतीझील ग्राउंड पर एक नामांकन सभा का आयोजन किया गया।

इस नामांकन सभा में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। नामांकन सभा में हजारों भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में अस्सी सीट और देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने का दावा किया।

## सपनों की उड़ान को लगे पंख..लड़कियों ने परचम लहराया

**नाम रोशन**

**8 जालौन की लड़कियों ने बाजी मारते हुए यूपी टॉप फाइव में अपनी जगह बनाई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौन:** शनिवार की दोपहर को घोषित हुए यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजों में इस बार भी लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। जालौन की लड़कियों ने बाजी मारते हुए यूपी टॉप फाइव में अपनी जगह बनाई है। उरई शहर के सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय की छात्राओं ने एक साथ प्रदेश भर में 3१, 4३ और 5३ रैंक हासिल की है। बेटियों ने यूपी टॉप में जगह बनाकर स्कूल ही नहीं बल्कि अपने परिवार और जिले का भी मान बढ़ाया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को हाईस्कूल तथा



इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। 10वीं क्लास की परीक्षा में सीतापुर की सीता बाल विद्या मंदिर महमूदाबाद इंटर कॉलेज की प्राची निगम टॉपर बनी हैं। टॉपर प्राची निगम को 98.5% नंबर मिले हैं। वहीं, फतेहपुर के मुस्तफापुर हुसैनगंज की दीपिका सोनकर 98.33 फीसदी नंबरों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जिनमें सीतापुर की नव्या सिंह, सीतापुर की ही स्वाति सिंह, जालौन की दीपांशी सिंह सेंगर और प्रतापगढ़ के अर्पित तिवारी 98 % नंबर पाकर तीसरे स्थान पर रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जैसे ही रिजल्ट की घोषणा की गई उसके बाद से छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**गुरुग्राम: जिला की अनाज** मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। लघु सचिवालय सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एंजेसियों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।


## पद्मश्री से सुशोभित होगी विंध्य क्षेत्र की कजरी गायन

**सम्मान**

**8 कजरी गायन के लिए उर्मिला और हस्त निर्मित में खलील अहमद को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

मीरजापुर: नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विंध्य क्षेत्र की कजरी गायन और हस्तकला को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी। कजरी गायन के लिए उर्मिला श्रीवास्तव और हस्त निर्मित दरी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए खलील अहमद को 22 अप्रैल को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति भवन में 21, 22 और 23 अप्रैल को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।



**मेहनत और तपस्या का परिणाम... नेशनल अवार्ड और शिल्प गुरू से पद्मश्री तक का सफर:** इमामबाड़ा निवासी खलील (75) तीन पीढ़ियों से हस्त निर्मित दरी की कला से जुड़े हैं और इसे समृद्ध बना रहे हैं। खलील को वर्ष 2000 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया था। वर्ष 2007 में वस्त्र मंत्रालय के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शिल्प गुरू से पुरस्कृत किए गए थे। सहायक आयुक्त उद्योग अशोक कुमार ने बताया कि खलील का पूरा परिवार दरी कारोबार से जुड़ा है। इनके पुत्र रुस्तम शोहराब, इफ्तिखार अहमद, जलील अहमद भी हस्तकला से जुड़े हैं। खलील अहमद ने इसे वर्षों की मेहनत और तपस्या का परिणाम बताया। पुरस्कार से नई पीढ़ी को इस विधा से जुड़ने का संबल मिलेगा। कारीगरों के हुनर से मीरजापुर की कालीन दरी की दुनिया भर में पहुंच है। मीरजापुर की दरी को जीआई टैग का तमगा भी लग चुका है।

## अबकी बार-400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा: योगी



**वोट की अपील**

**8 स्नेह से अभिभूत योगी ने फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

चित्तौड़गढ़: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार राजस्थान के चुनावी समर में उतरे। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा उम्मीदवार सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। बेतहाशा गर्मी में भी राजस्थान की सड़कों पर 'मोदी-मोदी, योगी-योगी' की ही गूंज रही। आमजन से मिले स्नेह से अभिभूत योगी ने इस सीट पर फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया- अबकी पार 400 पार, फिर एक बार-मोदी सरकार। सीएम योगी व सीपी जोशी ने भैरो सिंह शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

**पहले चरण के तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है:** रोड शो के समापन स्थल पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि से वीरभूमि मेवाड़ को प्रणाम करने आया हूं। इस धरा का इतिहास है कि यह राष्ट्रवाद के मुद्दे से कभी विचलित नहीं हुई। भारत मां के सर्वस्व बलिदान के लिए यह वीरभूमि सदा तत्पर रही है। आधुनिक भारत के तीर्थ के रूप में इस धरा को पूरा भारत कोटि-कोटि प्रणाम करता है। सीएम योगी ने कहा कि शुक्रवार को संपन्न हुए पहले चरण के 102 लोकसभा सीटों के रुझान बताते हैं कि पूरे देश की आवाज है-फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार-400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा है।

**बैठक** वनाग्नि की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, घटना की सूचना मिलते ही तुरंत होनी चाहिए कार्रवाई: सीएम

## 'वनाग्नि की घटनाओं के लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो'

**दिशा-निर्देश**

**8 जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है, तो खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाएं घटित होती हैं, उसके लिये संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो। जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रदेश में वनाग्नि की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ वनाग्नि की रोकथाम के संबंध में वर्चुअल बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गर्मियों के चार महीने वनाग्नि की दृष्टि से हमारे लिये चुनौतीपूर्ण होते हैं। इन महीनों में अधिक से अधिक सतर्क रहते हुए पूरा प्रयास किया जाए कि वनाग्नि की घटनाएं न के बराबर हों। जैसे ही वनाग्नि घटना की सूचना मिलती है,उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और जिसका रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को वनाग्नि की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर प्रभारी वनाधिकारी के स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाये। हेल्पलाइन नम्बर और टोल फ्री नंबर जारी करते हुए, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों में जागरूकता लाई जाए। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी सम्बंधित विभाग आपसी तालमेल स्थापित करना सुनिश्चित करने और इस कार्य में स्थानीय लोगों,जन-प्रतिनिधियों,ग्राम प्रधानों आदि का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाएं घटित होती हैं, उसके लिये संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में पिरुल का उपयोग किये जाने और आबादी क्षेत्रों में बंदरों के आवागमन को रोकने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

## 36 केन्द्रों पर 3 शिफ्ट में होगी यूपीएससी परीक्षा

**गुरुग्राम:** जिला गुरुग्राम में रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की आयोजित होने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एडिशनल लेबर कमिश्नर (एएलसी) कुशल कटारिया ने संबंधित सेंटर सुपरवाइजर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 36 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी।